पंजाब केसरी

रेवाड़ी पुलिस ने अवैध गोदाम पर की छापेमारी, 272 पेटियां शराब की हुई बरामद

रेवाड़ी(महेंद्र भारती): रेवाड़ी के औधोगिक कस्बा बावल पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रेड कर बावल के दिल्ली जयपुर हाइवे स्थित मैसर्स जगदीश वाइन्स के गोदाम पर रेड कर 272 शराब की पेटियां बरामद की हैं। जिसे बिना बिल के पंजाब से अवैध तरीके से कैंटर में भरकर लाया गया। पकड़ी गई शराब की बोतलों पर फॉर सेल इन पंजाब, चंडीगढ़ व यूपी के लेबल लगे हैं, जिसे हरियाणा में सेल नहीं किया जा सकता।

बता दें कि हरियाणा सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के खिलाफ जमकर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में रेवाड़ी में अवैध गोदाम पर छापेमारी कर गोदाम को सील कर दी गई है। साथ ही इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/rewari-police-raided-illegal-godown-recovered-272-liquor-boxes-1803241